एपेक्स इंस्टिट्यूट ऑफ़ फार्मेसी

समसपुर, चुनर, मिर्ज़ापुर २३१३०४

एपेक्स ट्रस्ट द्वारा प्रधानमंत्री कोरोना राहत कोष में दिए 1.51 लाख

कोरोना संक्रमण के बढ़ते हुए प्रभाव से निबटने हेतु एपेक्स वेलकेयर ट्रस्ट के अंतर्गत उच्च चिकित्सीय शिक्षा एवं चिकित्सा सुविधाएं प्रदान करने के उद्देश्य से समसपुर चुनार में संचालित एपेक्स इंस्टिट्यूट ऑफ़ फार्मेसी एवं ट्रस्ट हॉस्पिटल के प्रधानाचार्यों, फैकल्टी एवं चिकित्सकों ने 1 लाख 51 हज़ार रूपये की सहायता दी. प्रधानाचार्य डॉ सुनील मिस्त्री के नेतृत्व में एपेक्स के प्रबन्धक हिमांशु त्रिपाठी ने एपेक्स ट्रस्ट का प्रतिनिधित्व करते हुए जिलाधिकारी अनुराग पटेल को चेक प्रदान किया.

एपेक्स के चेयरमैन डॉ एसके सिंह ने समस्त स्टाफ की प्रशंसा करते हुए स्पष्ट किया कि इस आपातकालीन परिस्थति में उनका ट्रस्ट हॉस्पिटल पूर्ण सेवाभाव से स्वास्थ्य सेवायें प्रदान करने में सक्षम है और सदैव प्रशासन के साथ है एवं क्षेत्रवासियों को उत्तम चिकित्सीय शिक्षा एवं स्वास्थ्य सेवायें प्रदान करने हेतु पूर्ण समर्पण भावना से सदैव कर्तव्यबद्ध था एवं एवं रहेगा.

प्रोफेसर डॉ सुनिल मिस्त्री
प्रधानाचार्य

मंदों के लिए आगे आईं स्वयंसेवी संस्थाएं और

जिलाधिकारी सुशील कुमार पटेल को एपेक्स ट्रस्ट की ओर से 1.51 लाख का चेक सौंपते हिमांशु त्रिपाठी।

चिकित्सकों की ओर से दिए गए एक लाख, 51 हजार

चुनार। कोरोना संक्रमण के बढ़ते हुए प्रभाव से निपटने के लिए एपेक्स वेलकेयर ट्रस्ट के चिकित्सकों की ओर से राहत के लिए जिलाधिकारी सुशील कुमार पटेल को एक लाख 51 हजार रुपये की सहायता दी गई। एपेक्स के चेयरमैन डॉ. एसके सिंह ने समस्त स्टाफ की प्रशंसा की। विंध्याचल, स्टेट बैंक चौराहा के पास स्थित गोयनका धर्मशाला में ट्रस्टी अरविंद गोयनका के सौजन्य से खाद्य समाग्री वितरण किया गया। नगर विधायक पं. रत्नाकर मिश्र ने लोगों को लॉकडाउन व सोशल डिस्टेंस का पालन किए जाने का अवाह्न किया। प्रदीप कुमार श्रीवास्तव, उमेश चंद पांडेय, चंदन सिंह, अविनाश कुमार सिंह, दिलीप कुमार अग्रहरि आदि मौजूद रहे।

Amarujala Mirzapur 05/04/20

आपदा में गरीबों की सेवा से बढ़कर और कुछ नहीं: स

Dainik Jagran Mirzapur 05/04/20

प्रधानमंत्री कोरोना राहत कोष को दिए 1.51 लाख

जासं, चुनार (मीरजापुर) : कोरोना संक्रमण के बढ़ते हुए प्रभाव से निबटने हेतु एपेक्स वेलकेयर ट्रस्ट के अंतर्गत समसपुर चुनार में संचालित एपेक्स इंस्टीट्यूट आफ आयुर्वेदिक मेडिसिन एवं हास्पिटल, एपेक्स इंस्टीट्यूट आफ फार्मेसी, एपेक्स ट्रस्ट नर्सिंग कॉलेज एवं ट्रस्ट हॉस्पिटल के प्रधानाचार्यों, फैकल्टी एवं चिकित्सकों ने एक लाख 51 हजार रुपये की सहायता राशि जिला प्रशासन को दी। प्रधानाचार्य डा. सुनील मिस्त्री के नेतृत्व में एपेक्स के प्रबंधक हिमांशु त्रिपाठी ने जिलाधिकारी सुशील कुमार पटेल को धनराशि का चेक दिया। चेयरमैन डा. एसके सिंह ने समस्त स्टाफ की सराहना करते हुए कहा कि इस विषम एवं आपातकालीन परिस्थिति में उनका ट्रस्ट हॉस्पिटल पूर्ण सेवाभाव से स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने में सक्षम है और सदैव प्रशासन के साथ है।

डीएम को एक लाख इक्यावन हजार का चेक देते प्रधानाचार्य डा. सुनील मिस्त्री • जागरण

परिषदीय स्कूल में सामुदायिक किचन, लोगों को मिलेगा भोजन : मीरजापुर : कोरोना से लोगों को सुरक्षित रखने के साथ ही भूखे लोगों को भोजन भी उपलब्ध करा रहा है। परिषदीय स्कूलों में सामुदायिक किचन बनाया जा रहा है। इसके लिए सामान खंड विकास अधिकारी द्वारा मुहैया कराया जाएगा। प्रभारी जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी फतेह बहादुर सिंह ने दिशा निर्देश जारी किया है।

किया जाना चाहिये। भनक मिलते ही पड़ोस के लोग मौके पर जुट गए। लॉकडाउन का पालन करें। चाहिए। ठंडा पानी के बजाय गरम

राहत कोष में 1.51 लाख की सहायता

भास्कर न्यूज | मिर्जापुर

कोरोना संक्रमण के बढ़ते हुए प्रभाव से निबटने हेतु एपेक्स वेलकेयर ट्रस्ट के अंतर्गत उच्च चिकित्सीय शिक्षा एवं चिकित्सा सुविधाएं प्रदान करने के उद्देश्य से ट्रस्ट हॉस्पिटल के प्रधानाचार्यों, फैकल्टी एवं चिकित्सकों ने 1 लाख 51 हजार रुपये की सहायता दी। प्रधानाचार्य डॉ सुनील मिस्त्री के नेतृत्व में एपेक्स के प्रबन्धक हिमांशु त्रिपाठी ने एपेक्स ट्रस्ट का प्रतिनिधित्व करते हुए जिलाधिकारी सुशील कुमार पटेल को चेक प्रदान किया। संजीव शर्मा हेड पीआर एपेक्स ग्रुप ने बताया कि चेयरमैन डॉ एसके सिंह ने समस्त स्टाफ की प्रशंसा करते हुए स्पष्ट किया कि इस विषम एवं आपातकालीन परिस्थिति में उनका ट्रस्ट हॉस्पिटल पूर्ण सेवाभाव से स्वास्थ्य सेवायें प्रदान करने में सक्षम है और सदैव प्रशासन के साथ है।

लॉकडाउन की स्थिति का लिया जायजा • जिलाधिकारी सुशील कुमार पटेल ने लॉकडाउन की स्थिति का जायजा लेने के लिये अपर जिलाधिकारी यूपी सिंह के साथ नगर में भ्रमण किया। इस दौरान एनाउंस कर लोगों को अपने घरों में रहने की अपील की। उन्होंने सभी से कहा कि सभी लोग अपने घरों में रहे सुरक्षित रहें। साफ-सफाई व सेनेटाइज व हाथ धोने पर विशेष ध्यान दें। अनावश्यक रूप से अपने घर के बाहर कदापि न निकलें। जिलाधिकारी ने कहा कि लॉकडाउन का पूर्णतया पालन किया जाये। भ्रमण के दौरान जिलाधिकारी वासलीगंज, गिरधर चौराहा, बेलतर, मुकेरी बाजार, लालडिग्गी, इमामबाड़ा, शास्त्री पुल, नटवां, संगीरोड, मंडी समिति आदि स्थलों पर भ्रमण किया। इस दौरान मंडी समिति में पुलिस चौकी इंचार्ज मंडी समिति से लाकडाउन के स्थिति के बार में जानकारी प्राप्त की।

जरूरतमंदों में भोजन के पैकेट वितरित • प्रदेश अध्यक्ष रतन दीक्षित के आव्हान पर जिला इकाई की सदर तहसील इकाई के सौजन्य से कोरोना वायरस के चलते हुए लॉकडाउन के दौरान शनिवार को पथरहिया के पास स्थित दलित बस्ती में नगर मजिस्ट्रेट जंगबहादुर सिंह, क्षेत्राधिकारी नगर सुधीर कुमार व उपजा संगठन के जिलाध्यक्ष राकेश श्रीवास्तव द्वारा 150 जरूरतमंदों में भोजन के पैकेट का वितरण किया गया। इस मौके पर उपजा सदर अध्यक्ष अश्वनी उपाध्याय के नेतृत्व में आयोजित कार्यक्रम में संगठन के वरिष्ठ सदस्य घनश्याम ओझा, दीपांशु, रविन्द्र कुमार द्विवेदी आदि उपस्थित रहे।

सहयोग की अपील • जिलाधिकारी ने कोविड 19 महामारी से निपटने के लिये लोगों, श्रमिकों, किसानों, वृद्धों व जरूरतमंद लोगों की मदद के लिये जनपद के सभी स्वैच्छिक संगठनों, प्रबुद्ध नागरिकों, अधिकारियों, कर्मचारियों, व्यापारियों से सहयोग की अपील की। इसके लिये जिलाधिकारी ने संगीरोड स्थित इंडियन बैंक के कोविड 19 आपदा राहत कोष के नाम खाता खुलवाया है. उन्होंने कहा कि जो भी लोग इस आपदा की घड़ी में स्वेच्छा से अपना सहयोग प्रदान करना चाहते हैं तो वे निम्न खाता संख्या में अपना सहयोग कर सकते हैं।

Dainik Bhaskar, Singrauli 05/04/20